पत्र संख्या-कम्प्यूटर-NIC कम्प्यूटराइजेशन-(S/W)-(2011-12) / 945 / वाणिज्य कर

प्रेषक,

कमिश्नर वाणिज्य कर
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

सेवा में,

1- समस्त जोनल एडीशनल कमिश्नर ग्रेड-1,
वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश।

2- समस्त ज्वाइन्ट कमिश्नर(कार्यपालक),
वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश।

दिनॉक // लखनऊ // 01, मार्च 2012

महोदय,

आप अवगत हैं कि देश के विभिन्न राज्यों में पंजीकृत व्यापारियों द्वारा किये जा रहे अन्तर्प्रान्तीय संव्यवहारों (Interstate Transastions) के एक कामन वेबसाइट के माध्यम से सत्यापन के लिये वित्त मंत्रियों की इम्पावर्ड कमेटी द्वारा TINXSYS वेबसाइट की स्थापना की गयी है। इस वेबसाइट (www.tinxsys.com) के माध्यम से विभागीय अधिकारियों द्वारा केन्द्रीय बिक्रीकर अधिनियम के अन्तर्गत पंजीकृत व्यापारियों तथा अन्तर्प्रान्तीय संव्यवहारों के सम्बन्ध में जारी CST फार्मो यथा- फार्म-C, H, E1, E2 व फार्म-F का सत्यापन किया जा सकता है।

मुख्यालय द्वारा पूर्व में ही TINXSYS की वेबसाइट हेतु खण्ड कार्यालयों में कार्यरत समस्त डिप्टी कमिश्नर/असिस्टेन्ट कमिश्नर स्तर के अधिकारियों के लिये User ID तथा Password e-mail से इस निर्देश के साथ प्रेषित किये गये थे कि समस्त कर निर्धारण अधिकारी इसं User ID व Password की सहायता से फार्मो तथा अन्तर्प्रान्तीय संव्यवहारों का सत्यापन करना सुनिश्चित करेगें, परन्तु यह पाया गया कि अधिकारियों द्वारा यह कार्य नही किया जा रहा है तथा बहुत से अधिकारियों को उक्त User ID व Password की ही जानकारी नही हो पायी है। अत: अधिकारियों को जारी User ID व Password पुन: e-mail के माध्यम से आपको प्रेषित किये जा रहे हैं। साथ ही इस User ID व Password के माध्यम से अन्तर्प्रान्तीय संव्यवहारों के सत्यापन की प्रक्रिया इस पत्र के साथ संलग्न करके प्रेषित की जा रही है ताकि अधिकारी इसके अनुसार फार्मो व अन्तर्प्रान्तीय संव्यवहारों का सत्यापन कर सकें। कृपया उक्त User ID व Password सम्बन्धित अधिकारियों को उपलब्ध कराने का कष्ट करें तथा सत्यापन की प्रक्रिया से समस्त अधिकारियों को अवगत कराते हुये TINXSYS की वेबसाइट पर उपलब्ध आंकड़ो से फार्मो एवं अन्तर्प्रान्तीय संव्यवहारो ंका सत्यापन करना सुनिश्चित करें।

<u>संलग्नक</u>:- <u>यथोपरि।</u>

भवदीय,

ह0/-

**(चन्द्रभानु)**
कमिश्नर, वाणिज्य कर
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

<u>पृष्ठांकन पत्र संख्या व दिनॉक उक्त।</u>

<u>प्रतिलिपि</u> :-

1- एडीशनल कमिश्नर, वाणिज्य कर उत्तर प्रदेश, लखनऊ को सूचनार्थ प्रेषित।

2- ज्वाइन्ट कमिश्नर(आडिट)वाणिज्य कर, मुख्यालय, लखनऊ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

ह0/-

**(एम0के0 सिंह)**
ज्वाइन्ट कमिश्नर(आई0टी0)वाणिज्य कर
मुख्यालय, लखनऊ।